वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्लू / 563 / 2021–22

दिनांक : 15.07.2021

शीर्ष प्राथमिकता सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर एवं इलाहाबाद जनपद के महाविद्यालयों के प्रबन्धक / प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2021–22 हेतु दिनांक 12 जुलाई, 2021 में शासन द्वारा जारी की गयी समय–सारणी के अनुसार जो शिक्षण संस्थान (महाविद्यालय) स्कालरशिप पोर्टल के मास्टर डाटा बेस में सम्मलित नही है वे दिनांक 15 जूलाई 2021 से 10 अगस्त, 2021 तक अपने–अपने जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी से लागिन पासवर्ड प्राप्त कर मास्टर डाटा बेस में अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएं (पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णांक, (सेमेस्टर होने की दशा में दो सेमेस्टर के अंको को जोड़ते हुये) विश्वविद्यालय का नाम आदि सूचनाओं को अपलोड कर लें जिससे आपके महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त हो सके। शासन द्वारा निर्धारित यह तिथि अपरिवर्तनीय है।

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–
1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3–अधीक्षक सम्बद्धता को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से महाविद्यालयों को सूचित करें।
4–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि इस के साथ संलग्न समय–सारणी 2021–22 को वि0वि0 वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–विश्वविद्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

15/07/21
अधिष्ठाता छात्र कल्याण